# संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
# मध्यप्रदेश

**क्रमांक/01/विज्ञप्त/सेल–संविदा/2020/1861** **भोपाल, दिनांक 6/10/2020**

प्रति,

1/ संचालक,
चिकित्सा शिक्षा,
सतपुड़ा भवन, भोपाल,म0प्र0।

2/ अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर, म0प्र0।

विषय :– मा0 उच्च न्यायालय प्रकरण डॉ स्वेता त्रिपाठी, बंधपत्र चिकित्सक विरूद्ध शासन डब्लू0पी0 3578/2020।

संदर्भ :– अधिष्ठाता, चि0म0 इंदौर का पत्र क्रमांक छात्र/शाखा/2020/18608/ दिनांक 03.10.2020।

संदर्भित पत्र के माध्यम से न्यायालयीन प्रकरण के संदर्भ में आपके द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2018 में पत्र दिनांक 29.12.2018 के द्वारा वर्ष 2018 में परीक्षा में सम्मिलित होने वाले चिकित्सकों की जानकारी प्रेषित की गई है , उक्त सूची में डॉ स्वेता त्रिपाठी, का नाम सम्मिलित है।

अवगत होवें कि प्री0पीजी नियम अनुसार अधिष्ठाता, चिकित्सा महाविद्यालय को परीक्षा में सम्मिलित होने के पूर्व परीक्षा में सम्मिलित होने वाले चिकित्सकों की सूची तथा परीक्षा फल आने के पश्चात उत्तीर्ण चिकित्सकों की सूची आयुक्त, स्वास्थ्य सेवायें को प्रेषित करने का प्रावधान है।

अतः आप स्पष्ट रूप से यह अगवत करावें कि आपके द्वारा परीक्षाफल आने के पश्चात पीजी चिकित्सकों की सूची किस पत्र क्रमांक एवं दिनांक के द्वारा प्रेषित की गई । यदि प्रेषित की गई है तो उक्त पत्र व सूची की अभिप्रमाणित प्रति प्रेषित करने का कष्ट करें।

प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय में जानकारी प्रस्तुत की जाना है अतः 03 दिवस की समयावधि में जानकारी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

6.10.20

**(डॉ बी0डी0खरे)**
उप संचालक(विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश

**पृ.क्रमांक/01/विज्ञप्त/सेल–संविदा/2020/1862** **भोपाल, दिनांक 6/10/2020**

**प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव, म.प्र.शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र.।
3. आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल म0प्र0। ।
4. नोडल अधिकारी, लीगल, क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, इंदौर संभाग, इंदौर,म0प्र0।
5. प्रभारी एम0आई0एस0, स्थानीय कार्यालय,म0प्र0।
6. संबंधित अधिकारी की ओर सूचनार्थ।

6.10.20

उप संचालक(विज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें,
मध्यप्रदेश